संत कृपाल सिंह
विधि महाविद्यालय

सूचना

B.A.LL.B./LL.B. 2nd सेमेस्टर के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक **30–अप्रैल–2026** से विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गयी है।

विश्वविद्यालय द्वारा नवीन परीक्षा समय–सारिणी जारी होने पर विधि महाविद्यालय द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाएगा।

दिनांक : 28–अप्रैल–2026

निदेशक

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

पत्रांक : बु0वि0/प0नि0का0/2026/7532. दिनांक: 17/04/2026

सूचना

आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–26 के विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यावसायिक/गैर व्यावसायिक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 से आच्छादित स्नातक/परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर परीक्षाओं का पत्रांक– बु0वि0/प0नि0का0/2026/7445, दिनांक– 25/03/2026 एवं पत्रांक– बु0वि0/प0नि0का0/2026/7462 दिनांक– 03/04/2026 के माध्यम से अंतिम परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया था। किन्तु द्वितीय सेमेस्टर **(सत्र 2025–26 में समर्थ पोर्टल पर प्रवेशित/पंजीकृत छात्रों)** के परीक्षा आवेदन पूरित करने की तिथि दिनांक– 16/04/2026 से 25/04/2026 निर्धारित की गयी है। जिस कारण द्वितीय सेमेस्टर स्नातक एवं परास्नातक स्तर के छात्रों की दिनांक 28/04/2026 से प्रारम्भ होने वाली परीक्षाएं कराया जाना सम्भव नही है। उक्त द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं स्थगित की जाती है एवं परीक्षा कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

अतः सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/समन्वयक/केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्यों से मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त से अवगत होते हुए सम्बन्धित सभी परीक्षार्थियों को भी अपने स्तर से नोटिस आदि के माध्यम से अवगत करा दें। परीक्षा से सम्बन्धित सभी सूचनायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bujhansi.ac.in** पर अपलोड की जाएंगीं। एतद्र्थ सम्बन्धित अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें। किसी भी सूचना से वंचित रह जाने पर विश्वविद्यालय उसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

(राजबहादुर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक आज व हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के संस्करणों के अगले अंक में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य/प्रबन्धक, सम्बन्धित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अपने महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)/समस्त सहायक कुलसचिव।
4. डॉ0 दीपक तोमर, सिस्टम एनालिस्ट/इं0 साबिर अली, सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रशासनिक अधिकारी, अतिगोपनीय।
7. आशुलिपिक, वित्त अधिकारी/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक।

परीक्षा नियंत्रक